बीईसीसी 118

# बीए अर्थशास्त्र (मेजर)/BAM
# (BAFEC/BAM)

सत्रीय कार्य 2026-27
जुलाई 2026 और जनवरी 2027 प्रवेश चक्र के लिए

पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–118
पाठ्यक्रम शीर्षक : भारतीय अर्थव्यवस्था

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068

# बीईसीसी-118
## भारतीय अर्थव्यवस्था
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य
## (2026–27)

**कार्यक्रम कोडः बीएएफईसी**

**पाठ्यक्रम कोडः बीईसीसी-118**

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है आपको अर्थशास्त्र (BECC-118) में इस के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह एक शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए) है और इसमें 100 अंक होते है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। टी एम ए को आपको विभिन्न श्रेणियों के सवालों के ज़वाब देने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यहां मूल्यांकन आपके उत्तर को व्यस्थित, सटीक और सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करने की आपकी क्षमता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है। सत्रीय कार्य कों तीन भागों में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। भाग क में 20-20 अंकों के दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। भाग ख में 10-10 अंकों के तीन प्रश्न होते हैं जबकि भाग ग में आपको 6-6 अंकों के 5 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

जमा करना : पूर्ण किए गए सत्रीय कार्यों को आपके अध्ययन केंद्र के समन्वयक को जमा करना है।

सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि हैः

**31 मार्च 2027** — **जून 2027 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए**

**30 सितंबर 2027** — **दिसंबर 2027 सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों के लिए**

# भारतीय अर्थव्यवस्था
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.–118
सत्रीय कार्य कोडः एएसटी/टीएमए/2026-27
**कुल अंकः 100**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

### सत्रीय कार्य-1

**निम्नलिखित वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। 2×20=40**

1) (क) स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

(ख) प्रथम पंचवर्षीय योजना से पूर्व भारत में नियोजन (Planning) के ऐतिहासिक विकास का मूल्यांकन कीजिए।

2) भारत के कृषि क्षेत्र के समक्ष उपस्थित प्रमुख संस्थागत (Institutional) तथा प्रौद्योगिकीय (Tecnological) चुनौतियों का परीक्षण कीजिए।

### सत्रीय कार्य-2

**निम्नलिखित मध्यम श्रेणी के प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का हैं।3×10=30**

3) विदेश व्यापार नीति (Foreign Trade Policy - FTP) 2023 की प्रमुख विशेषताओं का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए तथा भारत के व्यापार प्रदर्शन पर इसके संभावित प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए।

4) भारतीय अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति के विकास एवं उसके परिचालन उपकरणों का विश्लेषण कीजिए।

5) भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP), रोजगार तथा व्यापार में सेवा क्षेत्र के योगदान की विवेचना कीजिए।

## सत्रीय कार्य-3

**निम्नलिखित लघु श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है। 5×6=30**

6) भारत में आधुनिक व्यावसायिक सेवाओं तथा सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाओं (IT - Enabled Services) के विकास में योगदान देने वाले प्रमुख कारक कौन–कौन से हैं?

7) भारत में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के महत्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

8) नीति–निर्माण में प्रयुक्त बहुआयामी गरीबी सूचकांक की बहुआयामी प्रकृति का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

9) मानवपूंजी की अवधारणा से आप क्या समझते हैं? मानव संसाधन मानवपूंजी से किस प्रकार भिन्न हैं?

10) भारत में सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।